एन.आई.ओ.एस/शैक्षिक/2021/222/10/हिंदी

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 10

बाल्यकाल

कार्यपत्रक - 10

1. हम में से अधिकांश के लिए बचपन जीवन का एक खूबसूरत दौर होता है। यह खेल, कल्पना और मासूमियत से जुड़ा एक काल है। बाल्यावस्था को कितने उप-अवस्थाओं में और वर्गीकृत किया जा सकता है? बाल्यावस्था की सभी उप-अवस्थाओं की विशेषताओं की व्याख्या करते हुए अंतर स्पष्ट कीजिए।
2. 2-6 वर्ष की आयु के बच्चे को उसके परिवेश में छह महीने तक अवलोकन कीजिए (अवलोकन से पहले माता-पिता की सहमति ले) और उनके शारीरिक और गतिक विकास (प्रत्येक के लिए कम से कम पांच आयाम) का वर्णन करते हुए एक अवलोकन रिपोर्ट तैयार कीजिए।
3. संज्ञानात्मक विकास के चरण एक निश्चित क्रम का अनुसरण करते हैं। पियाजे के संज्ञानात्मक विकास के चरणों का आरेखीय वर्णन कीजिए।
4. एक उदाहरण देकर समानांतर खेल को परिभाषित कीजिए। एक बच्चे के विकास के लिए समानांतर खेल किस प्रकार महत्वपूर्ण है और यह सहकारी खेल से किस प्रकार भिन्न है? वर्णन कीजिए।
5. प्रारंभिक बाल्यकाल मे बच्चे विचित्र रुप से स्वचेतन भावनाओं, शर्माना और अपराधभाव का मूल्यांकन करना प्रारम्भ करते हैं, बजाय कि अन्य प्रौढ़ों या अपने पालको के मूल्यांकन पर साधारण प्रतिक्रिया दे। दिए गए कथन का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।
6. एक 9-11 साल के बच्चे के साथ उनकी आत्म प्रत्यय का निरीक्षण करने के लिए बातचीत में शामिल हों और उनकी आत्म-अवधारणा पर एक रिपोर्ट लिखिए।
7. क्या आपने कभी तंग करने या धमकाने वाले व्यवहार का सामना किया है या ऐसी कोई घटना देखी है? कम से कम तीन उपायों का सुझाव दीजिए जो इस तरह के व्यवहार के शिकार को लक्षित होने से बचाने में मदद कर सकते हैं।

8. "समाजीकरण बच्चों को सांस्कृतिक मूल्यों, प्रथ्मिकताओ और प्रतिमानो को बच्चों के व्यवहार मे संक्रमित करने कि प्रक्रिया है।" दिए गए कथन की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।
9. सचिन ने अपने क्लास टीचर से कहा कि उसके माता-पिता उसे हमेशा बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए कहते हैं; वे उसे उसके दोस्तों से मिलने और खेलने से रोकते हैं, और छोटी-छोटी गलतियों के लिए भी उसे सजा देते हैं। इस उदाहरण में पालन-पोषण शैली की पहचान कीजिए और सुझाव दीजिए कि सचिन के माता-पिता को कौन सी वैकल्पिक पालन-पोषण शैली का अभ्यास करना चाहिए।
10. जीवन के विभिन्न चरणों में, समाजीकरण के कारक भी बदलते हैं। शैशवावस्था, प्रारंभिक बचपन और मध्य बचपन - के लिए समाजीकरण के कम से कम तीन कारक (agents) की व्याख्या कीजिए।